# कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0: 510 /शैक्षिक/2026 दिनांक: जुलाई 15, 2026

**: : सूचना : :**

**द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत (Promoted) प्रथम वर्ष के बी0टेक0 छात्रों के शाखा परिवर्तन (Branch Change) सम्बन्धी**

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 अध्यादेश (Ordinances) के अनुरूप बी0टेक0 प्रथम वर्ष में शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश प्राप्त छात्र-छात्राओं को बिना कैरीओवर के बी0टेक0 प्रथम वर्ष की परीक्षा विगत वर्ष में उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में Promote होने पर उनके बी0टेक0 प्रथम वर्ष के प्राप्तांक (Marks obtained/YGPA) के आधार पर शाखा परिवर्तन अनुमन्य किया जाना है। इस सन्दर्भ में बी0टेक0 अध्यादेश में दी गई व्यवस्था एवं अन्य दिशा-निर्देश निम्नवत हैः

1. शाखा परिवर्तन हेतु केवल वही छात्र-छात्राएँ पात्र (Eligible) होंगे, जिन्होंने प्रथम वर्ष के दोनों सत्रों (Odd एवं Even Semester) के सभी विषय प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण किए हों। कैरीओवर अथवा स्पेशल कैरीओवर परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएँ शाखा परिवर्तन हेतु पात्र नहीं होंगे।
2. शाखा परिवर्तन हेतु रिक्तियों के आंगणन (Vacancy calculation) हेतु स्पेशल कैरीओवर परीक्षा परिणाम को आधार माना जाएगा।
3. आरक्षित वर्ग (Reserved Category) के छात्र-छात्रा उनसे सम्बन्धित आरक्षित श्रेणी एवं अनारक्षित (Unreserved) सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु पात्र होंगे।
4. Economically Weaker Section (EWS) वर्ग के छात्र-छात्रा EWS श्रेणी की रिक्त (Vacant) सीटों के साथ-साथ अनारक्षित सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु पात्र होंगे।
5. Tuition Fee Waiver (TFW) प्राप्त छात्र-छात्रा रिक्त TFW सीटों पर शाखा परिवर्तन कर सकेंगे। TFW सीटों के अतिरिक्त अन्य रिक्त सीटों पर शाखा परिवर्तन इस शर्त के साथ अनुमन्य (Allowed) होगा कि उन्हें प्राप्त शिक्षण शुल्क में दी गई छूट समाप्त कर दी जायेगी। TFW छात्र-छात्रा यदि किसी आरक्षित श्रेणी के हैं तो उक्त आरक्षित श्रेणी के साथ-साथ अनारक्षित रिक्त सीटों पर भी शाखा परिवर्तन कर सकते है।
6. शाखा परिवर्तन किये जाने के उपरान्त किसी भी शाखा में अभातशिप (AICTE) द्वारा स्वीकृत (Sanctioned) सीटों की संख्या से न तो अधिक छात्र होंगे और न ही 75 प्रतिशत से कम छात्र होंगें।
7. यदि प्रथम वर्ष में किसी शाखा में कुल प्रवेशित छात्रों की संख्या ही 75 प्रतिशत से कम है तो उस शाखा से मेरिट के आधार पर टॉपर छात्र-छात्रा को शाखा परिवर्तन हेतु पात्र माना जायेगा।
8. 01 से अधिक छात्रों का प्रथम वर्ष के Obtained Marks/YGPA समान होने की दशा में छात्र को JEE (Mains) 2025 CRL Rank के आधार पर वरीयता (Preference) प्रदान की जायेगी।

बी0टेक0 पाठ्यक्रम की विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत वर्तमान में Category-wise उपलब्ध रिक्तियों **(दिनांक जुलाई 15, 2026 को आधार मानते हुये)** का विवरण निम्नवत् हैः

## TENTATIVE VACANT SEAT IN "HOME STATE"

| SR. NO. | BRANCH | GEN | EWS | OBC | SC | ST | TFW | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Biochemical Engineering | 2 | - | 2 | | | | **4** |
| 2 | Civil Engineering | 8 | | | | | | **8** |
| 3 | Chemical Engineering | 4 | 1 | 1 | 1 | | | **7** |
| 4 | Computer Science & Engineering | 2 | 1 | | 2 | | | **5** |
| 5 | Electrical Engineering | 5 | | 2 | 1 | | | **8** |
| 6 | Electronics Engineering | 9 | | | 1 | | 1 | **11** |
| 7 | Food Technology | 3 | | 2 | | | | **5** |
| 8 | Information Technology | 4 | 3 | 1 | 1 | | | **9** |
| 9 | Leather & Fashion Technology | 1 | | | | | | **1** |
| 10 | Mechanical Engineering | 4 | | | 1 | 1 | 2 | **8** |
| 11 | Oil Technology | 1 | | 1 | 1 | 1 | | **4** |
| 12 | Plastic Technology | | | | | | | |
| 13 | Paint Technology | | | | | | | |
| | **TOTAL** | **43** | **5** | **9** | **8** | **2** | **3** | **70** |

## TENTATIVE VACANT SEAT IN "ALL INDIA"

| SR. NO. | BRANCH | GEN | OBC | SC | ST | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Biochemical Engineering | 1 | 1 | 1 | | 3 |
| 2 | Civil Engineering | | | | | |
| 3 | Chemical Engineering | 1 | | | | 1 |
| 4 | Computer Science & Engineering | | | | | |
| 5 | Electrical Engineering | | | 1 | | 1 |
| 6 | Electronics Engineering | | | | | |
| 7 | Food Technology | 1 | | | | 1 |
| 8 | Information Technology | 2 | 1 | | | 3 |
| 9 | Leather & Fashion Technology | | | | | |
| 10 | Mechanical Engineering | | | | | |
| 11 | Oil Technology | | | 1 | | 1 |
| 12 | Plastic Technology | | | | | |
| 13 | Paint Technology | | | | | |
| | **TOTAL** | **5** | **2** | **3** | | **10** |

***नोट: अन्य प्रदेशों (Other than Uttar Pradesh) से सम्बन्धित छात्र केवल All India सीट हेतु पात्र होंगे।***

**उपरोक्त रिक्तियाँ पूर्ववर्ती शैक्षिक सत्रों के पुनः प्रवेश (Readmission) लेने वाले अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं (Fail Students) के कारण परिवर्तित (वृद्धि/कमी) हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, शाखा परिवर्तन (Branch Change) की प्रक्रिया के दौरान जिन शाखाओं एवं श्रेणियों (Categories) में प्रारम्भ में कोई रिक्ति (Vacancy) प्रदर्शित नहीं की गई है, उनमें भी रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।**

अतः छात्र उन समस्त शाखाओं, जिसमें वह शाखा परिवर्तन के इच्छुक हो, का विकल्प अपने आवेदन में उल्लिखित शाखा वरीयताओं (Preferences) में अवश्य भरें। एक बार शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के उपरान्त किसी भी स्थिति में शाखा परिवर्तन बदला या वापस नहीं लिया जा सकेगा।

**इच्छुक छात्र अपना आवेदन निम्नवत समय-सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल (https://erp.hbtu.ac.in/Newslogin.aspx) के माध्यम प्रस्तुत कर सकेंगें।** निर्धारित तिथि के पश्चात् शाखा परिवर्तन का कोई भी आवदेन स्वीकार्य नहीं होगा।

शाखा परिवर्तन के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सूची उनके प्राप्तांक एवं वरीयता क्रम (Marks Obtained & Preference Order) विवरण सहित छात्रों के सन्दर्भ के लिये अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी।

आवेदक छात्र के प्राप्तांक के सन्दर्भ में किसी भी त्रुटि (Grievance) को आवेदक छात्र अथवा किसी अन्य छात्र द्वारा इंगित करना हो तो वह निम्नवत समय-सारिणी के अनुसार अधोहस्ताक्षरी को इसका लिखित प्रत्यावेदन दे सकते है। उक्त प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विचारोपरान्त, प्राप्त आवेदनों एवं लागू नियमों के अनुसार शाखा परिवर्तन का अंतिम आदेश निम्नवत समय-सारिणी के अनुसार अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप के सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जाएगा।

शाखा परिवर्तन का आवेदन करने के उपरान्त उसे वापस लेने या विकल्प में परिवर्तन इत्यादि करने का कोई भी अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। छात्र के आवेदन के आधार पर आवंटित परिवर्तित शाखा में अध्ययन करना अनिवार्य होगा। अतः सभी छात्र-छात्राओं से अपेक्षा है कि शाखा परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पूर्ण रूप से विचार करने के उपरान्त ही पूर्ण करना सुनिशिचत करेंगें।

## समय-सारिणी

| क्र0सं0 | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शाखा परिवर्तन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ | **16 जुलाई 2026 (गुरुवार)** |
| 2 | शाखा परिवर्तन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | **22 जुलाई 2026 (बुधवार)** |
| 3 | आवेदनकर्ताओं की अंतिम (Provisional) मेरिट सूची एवं शाखा वरीयता (Preference) का प्रकाशन | **23 जुलाई 2026 (गुरुवार)** |
| 4 | प्राप्तांक (Marks/YGPA) अथवा मेरिट सूची से सम्बन्धित आपत्तियाँ / प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **24 जुलाई 2026 (शुक्रवार) अपराह्न 02:00 बजे तक** |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों/प्रत्यावदनों का निस्तारण | **24–27 जुलाई 2026** |
| 6 | शाखा परिवर्तन का अंतिम परिणाम/ आदेश (Final Branch Change Order) का प्रकाशन | **28 जुलाई 2026 (मंगलवार)** |
| 7 | परिवर्तित शाखा में छात्र का अध्ययन प्रारम्भ | **विषम सत्र (Odd Semester) के आरम्भ से** |

V Dixit 16/07/2026

**(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

**प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

**(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप